**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 02.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

*******************

रांची में आगामी 10 मई को ईस्टर्न जोनल काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। बैठक के मद्देनजर रांची पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी है। डीआईजी साह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिटी, ग्रामीण और ट्रैफिक एसपी सहित सभी डीएसपी और थानेदारों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर सुरक्षा रणनीति पर चर्चा की।

इधर, रांची के जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने भी अपने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में वीआईपी मेहमानों की सुरक्षा, सुचारू आवाजाही और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री ने 2026 तक झारखंड समेत पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

*******************

पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी–टीएसपीसी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्र से जातीय जनगणना को मिली मंजूरी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि देर से आए, लेकिन आना पड़ा। श्री सोरेन ने यह भी लिखा है कि उनकी सरकार और झारखंड ने इस ऐतिहासिक फैसले की दिशा पहले ही तय कर दी थी।

*******************

वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद आज मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि यह समिट ऐतिहासिक होने वाला है।

इससे पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग जगत का बाजार लगभग तीन खरब अमरीकी डॉलर का है। उन्होंने सभी से अपनी कहानी दुनिया के सामने रखने का उचित अवसर प्रदान करने और स्थानीय सामग्री का प्रचार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

*******************

टाटा स्टील ने अपने कार्यक्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

कानपुर के द स्पॉट हब में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला के कराटेकारों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कराटेकारों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

****************